Roll No. ..........................

Total No. of Pages : 7

Total No. of Questions : 24

# उत्तरमध्यमा द्वितीयखण्ड वार्षिक परीक्षा 2022-23

## विषय कोड : 1216

## इतिहास

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 100**

---

**निर्देश :**

1. **सभी** प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
2. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनके लिए 1 × 33 = 33 अंक निर्धारित हैं।
3. प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। शब्द सीमा 30 शब्द है।
4. प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। शब्द सीमा 75 शब्द है।
5. प्रश्न क्रमांक 15 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।
6. प्रश्न क्रमांक 20 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। शब्द सीमा लगभग 150 शब्द है।
7. प्रश्न क्रमांक 6 से 24 तक में आंतरिक विकल्प दिये गए हैं।

1. सही विकल्प चुनकर लिखिए— 1×7=7

(क) सिन्धु घाटी सभ्यता का पूजनीय पशु था :

(1) हाथी (2) बैल

(3) गाय (4) घोड़ा

(ख) मौर्य साम्राज्य के संस्थापक चन्द्रगुप्त मौर्य की राजधानी थी :

(1) तक्षशिला (2) उज्जैनी

(3) स्वर्णगिरी (4) पाटलिपुत्र

(ग) भगवान जगन्नाथ किस हिन्दू देवता के एक रूप माने जाते हैं ?

(1) विष्णु (2) शिव

(3) इन्द्र (4) गणेश

(घ) विजयनगर साम्राज्य की स्थापना की :

(1) हरिहर बुक्का ने (2) कृष्ण देवराय ने

(3) देवराय प्रथम ने (4) नरसिंह ने

(ङ) 1857 के विद्रोह का तात्कालिक कारण था :

(1) डलहोजी की हड़प नीति

(2) अंग्रेजों की धार्मिक नीति

(3) चर्बी वाले कारतूस

(4) बलपूर्वक धर्म परिवर्तन

(च) भारत में सर्वप्रथम राष्ट्रध्वज कब फ़हराया गया ?

(1) 26 ज़नवरी 1930 (2) 26 मार्च 1930

(3) दिसम्बर 1921 (4) मार्च 1922

(छ) संविधान सभा के सदस्यों की संख्या कितनी थी ?

(1) 380 (2) 390

(3) 389 (4) 395

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 1×7=7

(क) हड़प्पा संस्कृति की खोज सन् ............................ ई. में की गई।

(ख) सांची के स्तूप का निर्माण ............................ के शासनकाल में हुआ।

(ग) महाभारत का सबसे महत्वपूर्ण उपदेशात्मक अंश ............................ है।

(घ) संविधान निर्माण में ............................ समय लगा।

(ङ) गाँधीजी के राजनैतिक गुरु ............................ थे।

(च) जहांगीर ने ............................ के प्रयोग पर पाबन्दी लगा दी थी।

(छ) महात्मा बुद्ध का जन्म ..................... में हुआ था।

3. सही जोड़ी बनाइये – 1×7=7

| | |
|---|---|
| (क) कालीबंगा | (क) पाणिनी |
| (ख) बंगाल विभाजन | (ख) जातक |
| (ग) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद | (ग) राजस्थान |
| (घ) अष्टाध्यायी | (घ) अल बरूनी |
| (ङ) बुद्ध के पूर्व-जन्म की कथाएँ | (ङ) आइने अकबरी |
| (च) किताब-अल हिन्द | (च) 1905 |
| (छ) अबुल फजल | (छ) संचालन समिति |

4. सत्य/असत्य लिखिए– 1×6=6

(1) सिंधु घाटी सभ्यता एक नगरीय सभ्यता थी।

(2) घटोत्कच भीम का पुत्र था।

(3) जैनधर्म दो सम्प्रदायों में बँट गया है।

(4) सती प्रथा का वर्णन निकितिन ने किया है।

(5) भारत छोड़ो आन्दोलन 1942 में प्रारम्भ हुआ।

(6) भारतीय संविधान धर्म सापेक्ष है।

5. एक शब्द/एक वाक्य में उत्तर दीजिए– 1×6=6

(1) मेगस्थनीज कौन था ?

(2) जैनधर्म के संस्थापक कौन थे ?

(3) मीराबाई के गुरु कौन थे ?

(4) विज़यनगर के **दो** प्रसिद्ध मन्दिर कौनसे हैं ?

(5) खेतिहर समाज की बुनियादी इकाई क्या थी ?

(6) सत्याग्रह शब्द का क्या अर्थ है ?

6. सिन्धु सभ्यता की कोई **दो** विशेषताएँ लिखिए। 2

**अथवा**

सिंन्धु सभ्यता नगरीय सभ्यता थी। **दो** बिन्दुओं के आधार पर उत्तर दीजिए।

7. अल बरूनी ने भारत का वृतांत लिखने में आने वाले किन अवरोधों के बारे में वर्णन किया है ? 2

**अथवा**

'हिन्दू' शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

8. वैदिक और पौराणिक परम्परा में क्या अन्तर है ? 2

**अथवा**

इस्लाम के अनुयायियों को कौनसी **पाँच** बातों का पालन करना आवश्यक है ?

9. गोपुरम से आप क्या समझते हैं ? 2

**अथवा**

विजयनगर के शासकों का मन्दिर निर्माण में रुचि होने का क्या कारण था ?

10. सराफ किसे कहा जाता था ? 2

**अथवा**

दस्तकारी व्यवस्था के अन्तर्गत मुख्यत: कौनसे कार्य आते हैं ?

11. मनुस्मृति में चाण्डालों के कोई **तीन** कर्त्तव्य बताइये। 3

**अथवा**

महाभारतकालीन भारतीय समाज की प्रमुख समस्याएँ क्या थीं ? संक्षेप में लिखिए।

12. हीनयान और महायान में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 3

**अथवा**

जैनधर्म की कोई **तीन** विशेषताएँ बताइए।

13. 'यमन' शब्द से क्या आशय है ? 3

**अथवा**

विजयनगर स्थित सभा मंडप की संरचना कैसी थी ?

14. 1857 के पूर्व कम्पनी शासन के प्रति हुए किन्हीं **तीन** विद्रोहों के नाम बताइये। ये विद्रोह कब हुए ? 3

**अथवा**

1857 का विद्रोह कब और कहाँ से आरम्भ हुआ ?

15. गाँधी–इरविन समझौते की क्या शर्तें थीं ? 4

**अथवा**

असहयोग आन्दोलन के पहले गाँधीजी ने कौनसे आन्दोलन चलाए थे ?

16. जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 4

**अथवा**

लाल, पाल, बाल कौन थे ? संक्षेप में लिखिए।

17. उत्तर वैदिक काल में कृषि के तौर–तरीकों में किस हद तक परिवर्तन हुए ? 4

**अथवा**

अशोक के धम्म से आप क्या समझते हैं ? उनके मूलभूत सिद्धान्त लिखिए।

18. गुरु नानक देव ने समाज को क्या संदेश दिया ? 4

**अथवा**

कबीरदासजी का धर्म और समाज के लिए क्या योगदान है ?

19. रैय्यतवाड़ी बन्दोबस्त व्यवस्था क्या थी ? यह कब और किस क्षेत्र में लागू की गई थी ? 4

**अथवा**

दक्कन क्षेत्र में रैय्यत साहूकारों से असन्तुष्ट क्यों थी ?

20. मौर्य वंश के बारे में जानने वाले स्रोतों का वर्णन कीजिए। 5

**अथवा**

मौर्य प्रशासन की मुख्य विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।

21. कौरव–पांडवों के बीच युद्ध के क्या कारण थे ? 5

**अथवा**

महाभारत एक गतिशील ग्रंथ है। समझाइये।

22. बौद्धधर्म संसार में तेजी से फैला और कैसे फैला, विश्लेषण कीजिए। 5

**अथवा**

महात्मा बुद्ध के किन्हीं **तीन** उपदेशों को लिखिए।

23. 1857 के विद्रोह को ज्यादातर विदेशी इतिहासकारों ने सैनिक विद्रोह कहा है। इसके विरोध में **दो** तर्क दीजिए। 5

**अथवा**

1857 के किन्हीं **तीन** नायकों के व्यक्तित्व और योगदान पर प्रकाश डालिए।

24. खिलाफत आन्दोलन क्या था ? समझाइये। 5

**अथवा**

गाँधीजी को नमक सत्याग्रह आन्दोलन क्यों चलाना पड़ा ? व्याख्या कीजिए।